## सवारियों से भरी प्राइवेट कंपनी की बस पलटी

**जयपुर।** दौलतपुरा थाना इलाके में शुक्रवार की सुबह टोल प्लाजा के पास सवारियों से भरी प्राइवेट कंपनी की बस पलटी खा गई। बस दिल्ली से उदयपुर जा रही थी। ब्रेक फेल होने से आगे चल रहे ट्रक से टकरा गई। हादसे में बस में सवार दस यात्री घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक इलाज के लिए कांवटिया हॉस्पिटल भिजवाया गया।

थानाधिकारी नंदलाल ने बताया कि दिल्ली से प्राइवेट कंपनी की बस में करीब तीस से ज्यादा सवारी थी। उदयपुर आते हुए शुक्रवार तडके सवा तीन बजे दौलतपुरा टोल प्लाजा से बस निकलकर चौमूं की ओर आ रही थी। जहां टोल प्लाजा से कुछ दूरी पर ही पुलिया चढ़ते समय अचानक बस का ब्रेक फेल हो गया। बेकाबू होकर बस आगे चल रहे ट्रक में जा घुसी। ट्रक से टकराने के बाद बस पुलिया की ढलान से रिवर्स उतरने लगी। ड्राइवर ने बस को कंट्रोल करने का प्रयास किया। लेकिन रिवर्स चल रही बस पुलिया से दीवार से टकराते हुए पलटी खा गई। इस हादसे के बाद बस में सवार लोगों की चीख-पुकार मचना शुरू हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने राहगीरों की मदद से बस में सवार लोगों को बाहर निकाला। हादसे में चोटिल हुए करीब दस लोगों को घायल हालत में एम्बुलेंस की मदद से कांवटिया अस्पताल भिजवाया गया।

# सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर ने किया बठिंडा सैन्य स्टेशनों का दौरा

**जयपुर।** लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह, आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड ने बठिंडा एवं लालगढ़ जट्टान सैन्य स्टेशन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने फॉर्मेशन्स की ऑपरेशनल प्रिपेयर्डनेस, प्रशिक्षण गतिविधियों तथा ऑपरेशनल लॉजिस्टिक पहलुओं की समीक्षा की।

**■ आर्मी कमांडर ने इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी अब्सॉर्प्शन प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया**

आर्मी कमांडर ने ड्रोन एवं काउंटर ड्रोन प्रशिक्षण प्रयोगशालाओं, अत्याधुनिक प्रशिक्षण अवसंरचना का निरीक्षण किया तथा ड्रोन्स के नवाचारी उपयोग के प्रदर्शन देखे। उन्होंने टास्क-ओरिएंटेड, रीयलिस्टिक ट्रेनिंग पर जोर देते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उभरती हुई अत्याधुनिक तकनीकों पर आधारित होना चाहिए।

उन्होंने एआई, ड्रोन और साइबर क्षमताओं सहित विशिष्ट प्रणाली को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने विभिन्न



**लेफ्टिनेंट जनरल मंजिंदर सिंह( बांये से दूसरे ) आर्मी कमांडर, सप्त शक्ति कमांड ने बठिंडा एवं लालगढ़ जट्टान सैन्य स्टेशन का दौरा किया।**

लॉजिस्टिक सपोर्ट यूनिटों का दौरा किया, जिनमें ऑटोमेटेड वेयरहाउस एवं विस्फोटक सामान भंडार शामिल थे। आर्मी कमांडर ने इनोवेशन एवं टेक्नोलॉजी अब्सॉर्प्शन प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया, जिसमें रचनात्मक एवं नवीन विचार प्रदर्शित किए गए थे। उन्होंने इन तकनीकी पहलों की सराहना की और भारतीय सेना के तकनीक-संचालित परिवर्तन में तेजी लाने के लिए और अधिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दिया। इस अवसर पर उन्होंने सभी रैंकों के साथ बातचीत की और उन्हें आ ान किया कि सभी रैंकों को तकनीकी प्रगति, उभरते साइबर खतरों के नवीनतम रुझानों से खुद को अवगत रखना चाहिए और भौतिक या साइबर डोमेन में किसी भी खतरे के लिए प्रथम रेस्पॉन्डर्स के रूप में कार्य करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने सभी रैंकों के कार्य की सराहना की तथा राष्ट्र के प्रति उनके अडिग संकल्प और अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की।

## नर्सिंग स्टूडेंट ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में एक नर्सिंग स्टूडेंट ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्राइंडर से कमरे का गेट काट शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने महात्मा गांधी अस्पताल में पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। इधर मृतक के पिता की ओर से अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। थानाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि भीलवाड़ा के शाहपुरा हाल आरके पुरम सीतापुरा निवासी प्रियांशु चावला (22) ने फांसी का फंदा लगा कर आत्महत्या की है। जो यहां किराए से रहकर प्राइवेट कॉलेज से नर्सिंग की पढ़ाई कर रहा था। नर्सिंग स्टूडेंट प्रियांशु ने अपने कमरे में देर रात चद्दर का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली, सुबह परिजनों के फोन करने पर प्रियांशु से बात नहीं हो पाई। जिस पर मकान मालिक को फोन कर प्रियांशु से बात करवाने की कहा गया। मकान मालिक के काफी खटखटाने व आवाज देने के बाद भी प्रियांशु ने गेट नहीं खोला। इस पर पुलिस को सूचना दी गई। अनहोनी के अंदेशे के चलते सूचना पर पहुंची पुलिस ने धक्का देकर गेट खोलने की कोशिश की।

## सार-समाचार

### विश्व मांगल्य सभा का आयोजन



**जयपुर ।** विश्व मांगल्य सभा, जयपुर के धर्म संस्कृति विभाग द्वारा श्रावण मास के उपलक्ष्य में राम कृष्ण मंदिर, मरुधर नगर, जेडीए पार्क, अजमेर रोड में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना था। इस भजन संध्या कार्यक्रम में उर्मिला राजोरिया रिटायर्ड आई. ए. एस तथा अर्चना शर्मा दद्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई। भजन संध्या में विश्व मांगल्य सभा की महिला सदस्यों सहित अनेक महिलाओं में श्रद्धा और उत्साह के साथ भाग लिया उर्मिला राजोरिया तथा अर्चना शर्मा ने शिव भजनो से सभी उपस्थितजर्जा को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। कार्यक्रम पूर्ण रूप से सफल और भावविभोर करने वाला रहा। कार्यक्रम में संगठन की अध्यक्ष सुनीता राजोरिया, उपाध्यक्ष नीता बूचरा, सदस्यगण पूजा शर्मा, मंजू शेखावत, वंदना शर्मा, दीपमाला दत्ता, दर्शना बघेल, मोनिका जैन सहित अनेक गणमान्य महिलाएं उपस्थित रहीं। विश्व मांगल्य सभा के धर्म संस्कृति विभाग का उद्देश्य सफल मातृत्व का निर्माण करना व महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था।

### 10 श्रमिकों तक के नियोजन पर संस्थानों को पंजीयन से मिलेगी छूट

**जयपुर।** प्रदेश में ईज ऑफ डूईंग बिजनस को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम-1958 की धारा-4 के अंतर्गत शिथिलता प्रदान की है। मुख्यमंत्री श्री शर्मा के इस निर्णय से 0 से 10 की संख्या तक श्रमिकों का नियोजन करने वाले संस्थानों को उक्त अधिनियम के अंतर्गत पंजीयन के प्रावधानों से छूट मिलेगी। इससे छोटी दुकानों एवं वाणिज्यिक संस्थानों को व्यापार करने में इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम-1958 को वर्तमान की आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित करने के क्रम में प्रस्तावित राजस्थान शॉप्स एण्ड इस्टेबलिशमेंट (रेगुलेशन ऑफ इम्प्लॉयमेंट एण्ड कंडीशन ऑफ सर्विस) एक्ट, 2025 के प्रारूप को प्रशासनिक मंजूरी भी दी है।

### ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत

**जयपुर।** बिंदायका थाना शुक्रवार दोपहर को ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी की मौत हो गई। जानकारी में सामने आया कि अपनी सात साल की बेटी को लेकर मां स्कूल से घर लौट रही थी। इस दौरान रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन से टकराने से उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस और आरपीएफ मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है। जांच अधिकारी पुलिस हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार ने बताया कि इस हादसे में सोडाला के सिविल लाइन निवासी सुशीला सैनी (38) व उसकी बेटी टीपू (7) की मौत हो गई। जो बिंदायका रेलवे स्टेशन के पीछे सरकारी स्कूल में सुशीला सैनी टीचर के पद पर कार्यरत थी। सुशीला सैनी शुक्रवार सुबह बेटी टीपू की तबीयत खराब होने के कारण उसे अपने साथ स्कूल ले आई थी। शुक्रवार दोपहर बाद स्कूल की छुट्टी होने के बाद वह बेटी को लेकर घर जाने के लिए निकली थी। जहां बिंदायका रेलवे स्टेशन के पास बेटी को लेकर मां रेलवे ट्रैक पार कर रही थी। इस दौरान अजमेर की ओर से आई ट्रेन की चपेट में आने से मां-बेटी दोनों की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए दोनों शव को हॉस्पिटल की मोर्चरी में भिजवाया। वहीं ट्रैक पर शव पड़े होने के चलते एक्सप्रेस ट्रेन और वंदे भारत कुछ देर के लिए ट्रैक पर खड़ी रही। इसके अलावा इससे कई ट्रेनें प्रभावित भी रही।

### नौकरी के बहाने मिलने बुलाकर महिला दुष्कर्म

**जयपुर।** सांगानेर सदर थाना इलाके में परिचित युवक ने नौकरी के बहाने मिलने बुलाकर एक महिला दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर पीडिता को अश्लील फोटो को वायरल करने की धमकी भी दी। इस संबंध में थाने में पीड़ित महिला ने आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।पुलिस ने बताया कि बूंदी की रहने वाली महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण आरोपित से उसकी बातचीत थी। आरोप है कि बातचीत के दौरान आरोपित ने नौकरी के बहाने उसे मिलने बुलाया और फिर मिलने जाने पर काम के बहाने वाटिका ले गया। वहां ले जाकर आरोपित ने उसके साथ जबरदस्ती की।विरोध करने पर धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। दुष्कर्म कर उसके अश्लील फोटो मोबाइल में खींच लिए। इस बारे में किसी को बताने पर अश्लील फोटोज को वायरल करने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित महिला के बयानों के आधार पर मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

### 'बिना किताबों के टेस्ट देने को मजबूर सरकारी स्कूलों के छात्र'

**जयपुर।** राजस्थान के सरकारी स्कूलों में पहली से छठी कक्षा तक के छात्रों को डेढ़ महीने बाद भी पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध न होने पर जमाअते इस्लामी हिन्द राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष मुहम्मद नाज़िमुद्दीन ने गहरी चिंता व्यक्त की है। शिक्षा विभाग की लापरवाही और देरी के कारण लाखों छात्र बिना किताबों के पढ़ाई करने को मजबूर हैं, जिसका सीधा असर उनकी शैक्षिक प्रगति पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा, ''शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मूलभूत अधिकार है, और यह बेहद चिंताजनक है कि सरकारी स्कूलों में डेढ़ महीने बाद भी किताबें उपलब्ध नहीं हैं। जिन स्कूलों में किताबें पहुंची हैं, वहां भी केवल 50 बच्चों को ही अधूरी पाठ्यपुस्तकें मिली हैं। शिक्षा विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा हमारे बच्चों को भुगतना पड़ रहा है, जो 18 से 20 अगस्त तक होने वाले पहले टेस्ट के लिए बिना किताबों के तैयारी करने को मजबूर हैं। कई स्कूलों में बच्चों को ऑनलाइन लिंक से अध्याय डाउनलोड करने की सलाह दी गई है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट और संसाधनों की कमी के कारण अव्यवहारिक है। जमाअत-ए-इस्लामी हिंद, राजस्थान सरकार से तत्काल मांग करता है कि: सभी सरकारी स्कूलों में तुरंत पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराई जाएँ। किताबों की कमी को दूर करने के लिए आपातकालीन उपाय किए जाएँ और भविष्य में ऐसी लापरवाही से बचने के लिए समयबद्ध योजना बनाई जाए।

### 'राजस्थान के व्यापार और आमजन पर गहराते संकट की आहट'

**जयपुर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 25 अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने का फैसला-जो अब कुल मिलाकर 50 हो चुका है- न केवल राष्ट्रीय व्यापार को झटका देगा बल्कि राजस्थान जैसे निर्यातक राज्यों के व्यापारियों और उपभोक्ताओं पर भी गंभीर असर डालेगा। ऑल राजस्थान ट्रेड एंड इंडस्ट्रीज़ एसोसिएशन( आरितया )के वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरिराज खंडेलवाल ने कहा कि इससे राजस्थान के व्यापारियों पर सीधा प्रभाव पड़ेगा उनके औद्योगिक उत्पादों की मांग में गिरावट व प्रदेश के मार्बल, हैंडीक्राफ्ट,टेक्सटाइल, मसालों, जेम्स-ज्वेलरी और इंजीनियरिंग गुड्स का बड़ा हिस्सा अमेरिका में निर्यात होता है। अब अतिरिक्त टैरिफ के कारण ये वस्तुएं अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा से बाहर हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि छोटे और मध्यम व्यापारियों की कमर टूटेगी क्षेत्र पहले ही कच्चे माल और ट्रांसपोर्ट की लागत से जूझ रहा है। अब टैरिफ के दबाव से अमेरिकी ऑर्डर रद्द होने या स्थगित होने की पूरी आशंका है, जिससे हज़ारों व्यापारिक इकाइयाँ संकट में आ सकती हैं। खंडेलवाल ने कहा कि इससे प्रभावित व्यापारियों को नए बाजार खोजना चुनौतीपूर्ण होगा अमेरिका के स्थान पर नया बाजार ढूंढना आसान नहीं है। ट्रेड रिलेशन, भुगतान की सुरक्षा और लॉजिस्टिक लागत बड़ी रुकावट हैं।

## 'रक्षासूत्र में होता है बहनों का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद'

**■ रक्षाबंधन पर बहनों के लिए रोडवेज बसों में दो दिन की यात्रा निःशुल्क : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री निवास पर शुक्रवार को रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आई बहनों ने राखी बांधी। इस दौरान शर्मा की धर्मपत्नी गीता शर्मा भी मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति में भाई-बहन का रिश्ता बहुत स्नेहपूर्ण होता है।

बहन अपने भाई की दीर्घायु और उन्नित के लिए ईश्वर से सदैव प्रार्थना करती है। उन्होंने कहा कि बहनें सावन माह के अंत में मनाए जाने वाले रक्षाबंधन पर्व की कई दिनों पूर्व से ही पूर्ण उत्साह और उमंग के साथ तैयारियां करती हैं।

शर्मा ने कहा कि बहनों द्वारा बांधी गई राखी मेरा मजबूत सुरक्षा कवच है। इस रक्षासूत्र में बहनों का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद है, जिससे मुझे और अधिक ऊर्जा के साथ कार्य करने की ताकत मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश की सभी बहनों के लिए रोडवेज बसों में दो दिन की निःशुल्क यात्रा की सुविधा दी है।

शर्मा ने कहा कि हमारी बहनें विभिन्न भूमिकाओं में देश और प्रदेश की उन्नित में अपना योगदान दे रही हैं। उन्होंने आ ान किया कि सभी बहनें पारिवारिक जिम्मेदारियां निभाने के साथ ही सामाजिक सरोकारों से भी जुड़े।

मुख्यमंत्री को राखी बांधने के दौरान बहनों के चेहरों पर खुशी और उत्साह नजर आया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास पर आकर ऐसा महसूस हो रहा है कि हम अपने भाई को राखी बांधने मायके आई हैं। उन्होंने प्रदेश में महिला सशक्तीकरण की दिशा में उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों और विभिन्न योजनाओं के संचालन के लिए मुख्यमंत्री शर्मा का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर रक्षाबंधन पर्व के पारंपरिक लोकगीत भी गाए गए।

## मुख्यमंत्री ने संस्कृत दिवस पर दी शुभकामनाएं

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संस्कृत दिवस (श्रावण पूर्णिमा) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि संस्कृत विश्व की सबसे

**■ संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति और संस्कारों की अभिव्यक्ति**

प्राचीन भाषा होने के साथ ही अनेक भाषाओं की जननी भी है।

वेदों की ऋचाओं से लेकर पतंजलि योग-सूत्र तक समस्त प्राचीन ज्ञान संस्कृत की ही देन है। संस्कृत भारतीय संस्कृति और संस्कारों की अभिव्यक्ति है। इसीलिए कहा गया है 'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा'।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों को संस्कृत सम्भाषण के लिए प्रेरित करते हुए उनसे इस महान धरोहर के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लेने का आव्हान किया।

## न्यूयॉर्क सिटी के मेयर ने 'राना दिवस' घोषित कर बढ़ाया राजस्थानियों का मान

**■ यह आयोजन राना की सिल्वर जुबली (25वीं वर्षगांठ) के उपलक्ष्य में हुआ**

**जयपुर।** राजस्थानी-अमेरिकी समुदाय द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदानों को मान्यता देते हुए, न्यूयॉर्क सिटी के मेयर एरिक एडम्स ने आधिकारिक रूप से बीती छह अगस्त को राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (राना) दिवस घोषित किया। यह ऐतिहासिक घोषणा न्यूयॉर्क सिटी हॉल में आयोजित एक विशेष समारोह के दौरान की गई।यह आयोजन राना की सिल्वर जुबली (25वीं वर्षगांठ) के उपलक्ष्य में हुआ, जिसमें समुदाय की सांस्कृतिक सेवा, परोपकारी कार्यों और नेतृत्व को रेखांकित किया गया। इस समारोह में अमेरिका भर से निर्वाचित अधिकारी, राजनयिक, सामुदायिक नेता और विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। इसमें मेयर एरिक एडम्स ने राना को व्यक्तिगत रूप से किया सम्मानितअपने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद, मेयर एरिक एडम्स स्वयं समारोह में उपस्थित हुए। राना अध्यक्ष प्रेम भंडारी ने इसे दुनिया भर के 20 लाख से अधिक राजस्थानी मूल के लोगों और भारत के लगभग 10 करोड़ राजस्थानवासियों के प्रति गहरी श्रद्धा का प्रतीक बताया।मेयर एडम्स ने राजस्थानी-अमेरिकी समुदाय द्वारा न्यूयॉर्क की बहुसांस्कृतिक विरासत को समृद्ध करने के प्रयासों की सराहना की और को 25 वर्षों की सेवा एवं सांस्कृतिक नेतृत्व के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति और शहर के अधिकारी उपस्थित रहे। वहीं घोषणा समारोह में मेयर कार्यालय के शीर्ष अधिकारी उपस्थित रहे। उप आयुक्त दिलीप चौहान, मेयर का अंतर्राष्ट्रीय मामलों का कार्याल यपादरी गिलफोर्ड मोनरोस, आस्था सलाहकार एवं कार्यकारी निदेशक, मेयर कार्यालय आयुक्त ऐसाटा कैमारा ने मेयर एडम्स की ओर से राना अध्यक्ष प्रेम भंडारी और डॉ. रेखा भंडारी को आधिकारिक उद्घोषणा सौंपी।घोषणा की व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले उप आयुक्त दिलीप चौहान ने कहा कि मेयर एरिक एडम्स और न्यूयॉर्क सिटी की ओर से मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि 6 अगस्त को आधिकारिक रूप से 'राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका डे' घोषित किया गया है। यह सिर्फ राजस्थानी समुदाय का ही नहीं, बल्कि पूरे न्यूयॉर्क शहर के 85 लाख लोगों का उत्सव है। पिछले 25 वर्षों से राना ने संस्कृति, सेवा और समुदाय को बढ़ावा दिया है। न्यूयॉर्क और वैश्विक राजस्थानी प्रवासी समुदाय के बीच सेतु बनाते हुए कई महत्त्वपूर्ण आयोजन एवं कार्य किए हैं।इस समारोह में राना के संस्थापक, पूर्व अध्यक्ष, बोर्ड सदस्य और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

वर्ष 2003 में के .के. मेहता के नेतृत्व में पहले अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बाद राना एक वैश्विक सांस्कृतिक मंच बन गया। इसके बाद न्यूयॉर्क में 2006, 2010 और 2014 में तीन और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों का आयोजन हुआ, जिनमें हजारों की संख्या में प्रवासी राजस्थानी शामिल हुए। इस संगठन की यात्रा की शुरुआत बीआईटीएस पिलानी के साथ मिलकर वर्षा जल संचयन परियोजना से हुई।

## संस्कृत साहित्य ने दी थी स्वतंत्रता संग्राम को वैचारिक चेतना : प्रो. त्रिपाठी

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग द्वारा विश्वविद्यालय में पहली बार संस्कृत दिवस का भव्य आयोजन शुक्रवार को समारोह पूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में संस्कृतज्ञों की भूमिका पर व्याख्यान हुआ। संस्कृत विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योत्स्ना वशिष्ठ ने बताया कि मुख्य वक्ता केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी रहे। उन्होंने कहा कि कालिदास के अभिज्ञान शाकुंतल और गीता जैसे संस्कृत ग्रंथों के यूरोपीय भाषाओं में अनुवाद ने भारतीय समाज में सांस्कृतिक चेतना का संचार किया, जिसने स्वतंत्रता संग्राम को वैचारिक आधार दिया। उन्होंने दामोदर सातवलेकर, अरविंद, क्षमा राव और राहुल सांकृत्यायन जैसे संस्कृतज्ञों के योगदान को विशेष रूप से रेखांकित किया। महात्मा गांधी, जवाहर लाल



**विश्वविद्यालय में संस्कृत दिवस का भव्य आयोजन शुक्रवार को समारोह पूर्वक संपन्न हुआ।**

नेहरू और नेताजी सुभाषचंद्र बोस पर संस्कृत विद्वानों ने विशाल साहित्य लिखा। समारोह के मुख्य अतिथि जगद्गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रामसेवक दुबे ने संस्कृत में नवाचार, शोध और रोजगार की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसे आधुनिक युग में भी अत्यंत प्रासंगिक भाषा बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने कहा कि संस्कृत भारतीय भाषाओं की जननी है और यह कभी विलुप्त नहीं हो सकती क्योंकि यह सभी भारतीय भाषाओं में अंतर्निहित है।

## 'ग्लोबल वैकल्पिक बाजार तलाशने की करनी होगी पहल'

**जयपुर।** भाजपा व्यावसायिक प्रकोष्ठ राजस्थान के प्रदेश संयोजक, ज्वैलर्स एसोसिएशन उपाध्यक्ष, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष उद्योगपति राजू मंगोड़ीवाला के अनुसार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारतीय उत्पादों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का भारत के उद्योग जगत के साथ आगामी समय में अमेरिकी बाजारों व अर्थव्यवस्था पर भी असर देखने को मिलेगा। टैरिफ के बाद जब अमेरिका में महंगाई चरम पर होगी, तब अमेरिकी लोग ट्रंप सरकार का विरोध करेंगे। ट्रंप को दबाव में टैरिफ को कम करना पड़ेगा, क्योंकि ट्रेड वॉर अभी भी किसी भी देश के लिए अच्छा नहीं होता है। भारतीय बाजार व कारोबारी जमीन ज्वैलरी इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं और ज्वैलरी पर 50 फीसदी टैरिफ बढ़ाना, उद्योग को बड़े संकट के दौर से गुजरने वाला समय है।

## मुहाना सब्जी मंडी में बायो-सीएनजी प्लांट की स्थापना को दी स्वीकृति

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुहाना फल एवं सब्जी मंडी में जैविक कचरे के प्रबंधन हेतु एक अत्याधुनिक बायो-सीएनजी संयंत्र स्थापित करने की परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। इस परियोजना से मंडी में प्रतिदिन उत्पन्न होने वाले फल और सब्जी के जैविक अपशिष्ट का वैज्ञानिक तरीके से उपचार कर उसे कम्पोस्ट और बायो-सीएनजी में परिवर्तित किया जा सकेगा। इस संयंत्र की स्थापना सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पी.पी.पी.) मॉडल के तहत की जाएगी। 27 करोड़ रूपये की इस परियोजना की सम्पूर्ण लागत भारत सरकार के उपक्रम वैपकोस लिमिटेड द्वारा वहन की जाएगी।

यह संयंत्र प्रतिदिन 100 टन जैविक कचरे को प्रोसेस कर 5 टन कम्पोस्ट एवं बायो-सीएनजी उत्पन्न करेगा। संयंत्र की निर्माण अवधि 7 माह निर्धारित की गई है और यह 10 वर्षों तक वैपकोस लिमिटेड द्वारा संचालित किया जाएगा, जिसके बाद इसकी संपत्ति संबंधित मंडी समिति को हस्तांतरित कर दी जाएगी। इस परियोजना के लिए भूमि एवं जैविक कचरा मंडी समिति द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना से हरित ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ सालाना कचरा संग्रहण व परिवहन में खर्च हो रही लगभग 48 लाख रूपये की राशि की बचत भी अनुमानित है।

स्वच्छ भारत मिशन, ठोस कचरा प्रबंधन विनियम-2016 और जल शक्ति मंत्रालय के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई इस पहल से न केवल मंडी परिसर की स्वच्छता और हाइजीन में सुधार होगा। बल्कि खुले में कचरा डालने से उत्पन्न दुर्गंध, कीट-पतंगों और पर्यावरण प्रदूषण पर भी अंकुश लगेगा।

# सी.आई.एस.एफ. के अधिकारियों-जवानों ने स्कूली छात्राओं से रक्षा सूत्र बंधवाये

**जयपुर।** भाई-बहन के अटूट स्नेह और विश्वास का पर्व रक्षाबंधन देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। शुक्रवार को जयपुर के आमेर में कुंडा के पास स्थित सीआईएसएफ की आठवीं बटालियन में रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया। बटालियन के कमांडर वरिष्ठ कमांडेंट बीआर ढाका की अगुवाई में सीआईएसएफ के अधिकारियों और जवानों ने स्कूली छात्राओं और ब्रह्मकुमारी बहनों से रक्षा सूत्र बंधवाकर रक्षा का वचन दिया। स्कूली छात्राओं ने सीआईएसएफ के अधिकारियों और जवानों के तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई।

सीआईएसएफ आठवीं बटालियन के अधिकारियों जवानों ने राखी पर प्रेम और सुरक्षा का संकल्प लेकर संदेश दिया कि हर बहन-बेटी की सुरक्षा का प्रण ले। स्कूली छात्राओं और ब्रह्मकुमारी



**आमेर में कुंडा के पास स्थित सीआईएसएफ की आठवीं बटालियन में रक्षाबंधन का पर्व मनाया ।**

बहनों ने देश की रक्षा करने वाले जवानों अधिकारियों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना की अधिकारियों- जवानों ने बालिकाओं को उपहार भेंट किए। रक्षाबंधन कार्यक्रम में वाहिनी के वरिष्ठ

**■ स्कूली छात्राओं ने सीआईएसएफ के अधिकारियों और जवानों के तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई**

कमांडेंट और अधिकारियों जवानों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

वाहिनी के कमांडर वरिष्ठ कमांडेंट बीआर ढाका ने केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल आठवीं आरक्षित वाहिनी जयपुर की ओर से सभी देशवासियों को रक्षाबंधन की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह त्यौहार हमारे भारतीय संस्कृति की उन सुंदर परंपराओं में से एक है, जो भाई-बहन के अटूट स्नेह, विश्वास और एक-दूसरे की सुरक्षा के वचन को प्रतीकात्मक रूप से दर्शाता है। आठवीं आरक्षित वाहिनी जयपुर में वाहिनी के नजदीकी विद्यालयों की छात्राओं और संस्था ब्रह्मकुमारी बहनों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया गया।

वरिष्ठ कमांडेंट ने बताया बताया कि रक्षा बंधन का पावन धागा सिर्फ रेशम का नहीं, बल्कि प्रेम, त्याग, विश्वास और अपनापन का अटूट बंधन है। जब बहन अपने भाई की कलाई पर राखी बांधती है, तो वह न केवल उसकी लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना करती है, बल्कि यह भरोसा भी करती है कि भाई हमेशा हर परिस्थिति में उसकी रक्षा और सम्मान के लिए खड़ा रहेगा।

उन्होंने बताया कि आज के समय में रक्षा बंधन का संदेश केवल भाई-बहन के रिश्तों तक सीमित नहीं है। यह पर्व हमें समाज में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और समान अधिकार सुनिश्चित करने की प्रेरणा देता है।

## 'क्या मौके पर बनाई जा सकती है सेशन कोर्ट की बहुमंजिला बिल्डिंग'

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने शहर में नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स से जुडे मामले में राज्य सरकार को कहा है कि वह चिन्हित की गई जगह के पट्टे जारी करे। वहीं वर्तमान में कोर्ट भवन के आसपास खाली पडी जमीन के विकल्प को भी देखें। अदालत ने महाधिवक्ता से पूछा है कि क्या महानगर द्वितीय कोर्ट की तरह महानगर प्रथम की बिल्डिंग को भी बहुमंजिला बनाया जा सकता है। अदालत ने महाधिवक्ता को इसके लिए छह सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा व संजीत पुरोहित की खंडपीठ ने यह आदेश दीनदयाल खंडेलवाल व अन्य की जनहित याचिका पर दिए।सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता ने अदालत को नए कोर्ट कॉम्प्लेक्स के लिए दो लोकेशन को चिन्हित करने की जानकारी दी। इस पर खंडपीठ ने कहा कि बनीपार्क स्थित मौजूदा कोर्ट परिसर को ही बहुमंजिला क्यों नहीं बनाया जा सकता।